# अर्धवार्षिक परीक्षा, 2018-19

## हिन्दी

अवधि - 3 घंटे | कक्षा - छठवीं | पूर्णांक - 80

दिनांक - 25.9.2018 (मंगलवार)

विद्यार्थी का नाम ...................................................................................................... वर्ग ..........

**नोट-**
- **निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**
- **प्रश्न-पत्र चार खंडों में विभक्त है ।**

## खण्ड - क

**प्र.1 अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** (1×5=5)

अच्छा आचरण या सदाचार मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। अपने अच्छे आचरण से मानव न केवल समाज में ऊँचा स्थान पाता है, बल्कि अपने सभी कार्यों में सफलता भी पाता है। सदाचारी व्यक्ति का हृदय सरल और शांत होता है, जिससे वह अपने कार्य सकुशल कर सकता है।

सत्य, अहिंसा, ईश्वर पर विश्वास, दूसरों के प्रति प्रेम व सम्मान ये सब सदाचार के गुण हैं। श्रीराम एक सदाचारी व्यक्ति थे। वे सभी से प्रेम और आदर से मिलते थे, परन्तु सीता का हरण करके रावण एक दुराचारी के रूप में प्रसिद्ध हुआ। सदाचारी व्यक्ति कभी कोई गलत कार्य नहीं करता, अतः उसे किसी बात का भय नहीं होता । वह स्वयं को अच्छी संगति में रखता है। विद्यार्थी जीवन में मैत्री-भाव, मीठे-बोल, आदर, स्नेह, और कार्य के प्रति लगन सदाचारी के गुण हैं। ऐसे गुणों को धारणकर हम सभी के हृदय में स्थान पाते हैं। हमारा मन प्रसन्न रहता है और हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है।

क) सदाचार का क्या अर्थ है ?

अ) बुरा आचार  ब) अच्छा आचरण

स) सादा आचरण  द) जो आचरण सदैव रहे

ख) सदाचारी व्यक्ति के क्या गुण होते हैं ?

अ) सत्य, अहिंसा, ईश्वर पर विश्वास  ब) सरल और शान्त हृदय

स) दूसरों के प्रति सम्मान  द) उपरोक्त सभी

ग) जो व्यक्ति सदाचारी होता है वह भयभीत क्यों नहीं होता ?

अ) अच्छी संगति में रहता है  ब) कोई गलत कार्य नहीं करता

स) अच्छे वातावरण में रहता है  द) उसे किसी का भय नहीं होता

घ) 'विश्वास' का विलोम शब्द है -

अ) सविश्वास  ब) अविश्वास  स) विश्वासपात्र  द) विश्वसनीय

ड.) गद्यांश का उचित शीर्षक है -

अ) अचारण  ब) सबसे बड़ी पूंजी  स) सदाचार  द) ईश्वर पर विश्वास

**प्र.2 अधोलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(1×5=5)**

तितली तितली ! कहाँ चली हो नंदन वन की रानी-सी ।
वन-उपवन में, गिरि कानन में फिरती हो दीवानी-सी।
फूल-फूल कर अटक-अटक कर करती कुछ मनमानी-सी
पत्ती-पत्ती से कहती कुछ, अपनी प्रणय कहानी-सी
यह मस्ती यह चंचलता किससे अलि तुमने पाई ?
कहाँ जा रही हो इस निर्जन मंदिर उषा में अलसाई-सी ?
सोते ही सोते मीठी-सी सुधि तुमको किसकी आई ?
जो चल पड़ी जाग झटपट लेते-लेते अंगड़ाई ।

क) तितली दीवानी सी कहाँ फिरती है ?

अ) बाग-बगीचों में  ब) पहाड़ों के आस-पास  स) जंगल में  द) ये सभी

ख) कवि के अनुसार तितली अपनी प्रणय-कहानी किससे कहती है ?

अ) पत्तियों से  ब) फूलों से  स) कलियों से  द) पौधों से

ग) कवि को प्रातः काल कैसा लग रहा है ?

अ) सुनसान  ब) मदहोश करने वाली  स) आलस्य भरी  द) अ और ब दोनों

घ) तितली जल्दी-जल्दी क्यों भागी जा रही है ?

अ) फूलों पर विश्राम करने  ब) उषा काल होने के कारण

स) किसी की याद आ जाने के कारण  द) आलस्य में डूबी होने के कारण

ड.) काव्यांश में प्रयुक्त 'अलि' शब्द का अर्थ है -

अ) भौंरा  ब) अली  स) सखी  द) तितली

**प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> के उत्तर दीजिए -** **(2×3=6)**

क) राष्ट्रभाषा और मातृभाषा में क्या अन्तर है ?

ख) सन्धि के कितने भेद होते हैं ? नाम लिखिए।

ग) समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित बताइए ।

घ) बनावट की दृष्टि से शब्द के कितने प्रकार होते हैं ?

**प्र.4 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -** **(2×4=8)**

**क) निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्दों की रचना कीजिए -**

राष्ट्रगीत, न्याय, शिक्षण, शेष

**ख) निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए -**

बागानों, बनावट, चमकीला, अपनत्व

**ग) i) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए -(कोई दो)**

लंबोदर, राजपुत्र, पंचतत्व, पंजाब

**ii) निम्नलिखित शब्दों का सही सन्धि विच्छेद चुनिए - (कोई दो)**

गायक - गै + अक, गा + अक

प्रतीक्षा - प्रती + क्षा, प्रति + ईक्षा

सदैव - सद + एव, सदा + एव

**घ) i) निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए -**

कवियत्री, आर्शीवाद

**ii) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए -**

आम, घर

**प्र.5 क) निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -** **(2×3=6)**

अ) मेघ, नीरद किस शब्द के पर्यायवाची हैं ?

i) बादल ii) आकाश iii) घर iv) बाहर

ब) पृथ्वी का पर्यायवाची कौन-सा शब्द नहीं है ?

i) धरती ii) पाताल iii) भू iv) भूमि

स) भाई शब्द का पर्याय है -

i) भ्राता ii) रिपु iii) तनय iv) सहोदरा

द) गंगा शब्द के दो पर्याय हैं - 1. ............................ 2. ............................ ।

**ख) निम्नलिखित विपरीतार्थक शब्दों का सही विकल्प कीजिए -**

| | |
|---|---|
| आगमन | निंदा |
| सुगम | कृतघ्न |
| स्तुति | प्रस्थान |
| कृतज्ञ | दुर्गम |

**ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -**

अ) जो देखने योग्य हो -

ब) जल में रहने वाला -

स) जो गाना गाता है -

द) इतिहास से संबंध रखने वाला -

## खण्ड - ख

**प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए -** **(1×5=5)**

एक समय था, जब अपने मंगल ग्रह पर सभी लोग ज़मीन के ऊपर ही रहते थे। बगैर किसी यन्त्रों की मदद के, वगैर किसी खास किस्म की पोशाक के, हमारे पुरखे ज़मीन के ऊपर रहा करते थे, लेकिन धीरे-धीरे वातावरण में परिवर्तन आने लगा । कई तरह के जीव धरती पर रहा करते थे, एक के बाद एक सब मरने लगे।

इस परिवर्तन की, जड़ थी - सूर्य में हुआ परिवर्तन । सूरज से हमें रोशनी मिलती है, उष्णता मिलती है। इन्हीं तत्त्वों से जीवों का पोषण होता है। सूरज में परिवर्तन होते ही यहाँ का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया। प्रकृति के बदले हुए रूप का सामना करने में यहाँ के पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, अन्य जीव अक्षम साबित हुए। केवल हमारे पूर्वजों ने इस स्थिति का सामना किया।

क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम लिखिए ।

ख) पहले मंगल ग्रह पर लोग कैसे रहते थे ?

ग) मंगल ग्रह पर क्या परिवर्तन आए ?

घ) सूरज में परिवर्तन होने पर मंगल ग्रह पर क्या हुआ ?

ड.) किसने इस स्थिति का सामना किया ?

**प्र.7 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(1x5=5)**

साथी हाथ बढ़ाना

एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना।

साथी हाथ बढ़ाना ।

हम मेहनत वालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया।

सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत न सीस झुकाया ।

फौलादी हैं सीने अपने फौलादी हैं बाँहें।

हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें।

क) 'एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना' का क्या तात्पर्य है?

ख) सागर अपना रस्ता कब छोड़ देता है और पर्वत कब सीस झुकाता है ?

ग) सीने और बाँहें फौलादी होने से क्या सम्भव है ?

घ) कवि ने 'साथी' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है ?

ड.) कवि और कविता का नाम लिखिए ।

**प्र.8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (कोई तीन)** **(2×3=6)**

क) 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर बताइए कि चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है?

ख) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी ?

ग) केशव और श्यामा ने अंडों की रक्षा की या नादानी ?

घ) पूर्णिमा की रात में चाँद कैसा दिखाई देता है ? वह रात कैसी होती है ?

ड.) क्या होता अगर - भाषा न होती ?

**प्र.9 अधोलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए ।** **(3×2=6)**

क) पुराने जमाने में लोग यह क्यों सोचते थे कि अक्षरों और भाषा की खोज ईश्वर ने की है ?

ख) 'नादान दोस्त' कहानी में किसे और क्यों नादान दोस्त कहा गया है ?

ग) लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा ? उनके चचेरे भाई उन्हें क्या कहकर चिढ़ाते थे ?

घ) 'चढ़ी नदी का दिल टटोलकर जल का मोती ले जाती है' पंक्ति से कवि का क्या तात्पर्य है?

**प्र.10 निम्नलिखित प्रश्नों में से मूल्य बोध के आधार पर किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए -** **(3)**

'अक्षर ज्ञान के बिना मनुष्य असभ्य बना रहता ।' आप इस कथन से कहाँ तक समहत हैं ? अपने विचार लिखिए ।

**अथवा**

हमें आपस में मिल-जुलकर क्यों रहना चाहिए ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

**प्र.11 सही विकल्प का चयन करें -** **(1×5=5)**

क) चिड़िया कैसे स्वभाव वाली है ?

अ) संतोषी ब) दब्बू स) दबंग द) घमंडी

ख) 'बचपन' पाठ की लेखिका हैं -

अ) महादेवी वर्मा ब) सुभद्रा कुमारी चौहान

स) कृष्णा सोबती द) इनमें से कोई नहीं

ग) केशव के दिल में क्या था ?

अ) प्रसन्नता ब) भय स) चोर द) जिज्ञासा

घ) आकाश कैसा है ?

अ) नीला ब) तारों जड़ा स) बादलों से भरा द) सफेद

ड.) अन्तरिक्ष यान का क्या नाम था ?

अ) वाइकिंग ब) सरकिंग स) जैकिंग द) जोकिंग

## खण्ड - ग

**प्र.12 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए ।** **(1×5=5)**

क) मिथिला के राजा कौन थे ?

ख) किसके भड़काने पर कैकेयी ने वरदान माँगे ?

ग) अयोध्या किस राज्य की राजधानी थी ?

घ) वनगमन के समय राम को किसने और कहाँ नदी पार कराई ?

ड.) रघुकुल की रीति क्या है ?

## खण्ड - घ

**प्र.13** अपने विद्यालय के प्राचार्य को अपनी बहन के विवाह में सम्मिलित होने हेतु तीन दिवसीय अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए । **(1×5=5)**

**अथवा**

अपने मित्र को पत्र लिखिए जिसमें यह वर्णन किया गया हो कि आपके विद्यालय में पन्द्रह अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) कैसे मनाया गया ।

**प्र.14 अधोलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए -** **(10)**

क) पहला सुख निरोगी काया

ख) वृक्ष लगाकर धरा बनाएँ

ग) विद्‌यार्थी जीवन